**Title:** Requests to set up Indian Council of Medical Research Centre at Chattisgarh and need to provide treatment to the Sickel Cell disease.

श्री चन्द्रशेखर साहू (महासुमन्द): सभापति महोदय, मैं आपका और इस सदन का ध्यान एक अत्यंत ही महत्वपूर्ण एवं गंभीर विषय की ओर दिलाना चाहता हूं। छत्तीसगढ़ क्षेत्र की १० लाख की आबादी है और इससे भी अधिक आबादी इन दिनों सिकल सेल नामक बीमारी से ग्रसित है जिसका किसी प्रकार का इलाज संभव नहीं है। इस बीमारी से न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि पश्चिमी उड़ीसा और विदर्भ के कुछ क्षेत्रों के लोग भी शिकार हो रहे हैं। इस बीमारी की जांच की व्यवस्था अभी तक नहीं की गई है। इस बीमारी की जांच के लिये कोई अनुसंधान केन्द्र नहीं है। सिर्फ बुरला मैडिकल कालेज में जांच केन्द्र है। यह बीमारी विशेष रूप से खेती करने वाले, पिछड़ी जाति के लोगों यथाकुर्मी व साहू, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लोगों में पाई जा रही है। इससे नई पीढ़ी बर्बाद हो रही है।

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करना चाहता हूं कि उस क्षेत्र में इंडियन कौंसिल ऑफ मैडिकल रिसर्च सेंटर की स्थापना करें और इस बीमारी के इलाज की व्यवस्था करें।